ISWK SHARING KNOWLEDGE

Class VIII

Subject- Hindi Second Language

Topic-

अनेकार्थी,प्रत्यय,मुहावरे

By- Ramkewal Yadav

©ISWK

निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए

क्रमांक	प्रत्यय	मूल शब्द	प्रत्यय से बने शब्द
1	अक	पाठ,धाव	पाठक,धावक
2	कार	कहानी, कथा	कहानीकार, कथाकार
3	आपा	बूढ़ा,मोटा	बुढ़ापा, मोटापा
4	इमा	लाल, महा	लालिमा, महिमा
5	इन	माली,धोबी	मालिन, धोबिन
6	इका	गायक, नायक	गायिका, नायिका
7	त्व	देव, गुरु	देवत्व ,गुरुत्व
8	आना	साल, रोज़	सालाना, रोज़ाना
9	नाक	खतरा, खौफ़	खतरनाक, खौफ़नाक
10	खोर	सूद,रिश्वत	सूदखोर,रिश्वतखोर

अनेकार्थी शब्द

क्रमांक	अनेकार्थी शब्द	
1	अज	बकरा, ब्रह्मा
2	अंबर	आकाश, वस्त्र
3	आम	एक प्रसिद्ध फल, साधारण
4	अरुण	लाल रंग, सिंदूर
5	उत्तर	एक दिशा, जवाब
6	कर	हाथ, टैक्स
7	चीर	वस्त्र, चीरना
8	तीर	किनारा,बाण
9	पूर्व	एक दिशा, पहले
10	मत	वोट, नहीं

मुहावरे

1.कलई खुलना **(भेद खुलना)** – पड़ोसी के घर में रोज महँगे-महँगे समान आ रहे थे। अचानक एक दिन पुलिस के आने से उसकी सारी कलई खुल गई।

2.कानोकान खबर न होना **(बिलकुल खबर न होना)** – बदनामी के डर से मेहता जी कब दिल्ली छोड़कर चले गए, किसी को कानों कान खबर नहीं हुई।

3.एक और एक ग्यारह होना (आपस में संगठित होकर शक्तिशाली होना)- राजू और रामू पुनः मित्रता करके एक और एक ग्यारह हो गए हैं।

4.कलेजा ठण्डा होना (सुख-संतोष मिलना)- जब रवि की नौकरी लग गई तब उसकी माँ का कलेजा ठण्डा हुआ।

5.कोल्हू का बैल (अत्यधिक परिश्रमी व्यक्ति)- धीरू हमेशा काम में ही लगा रहता है, वह तो कोल्हू का बैल है।

6- एक आँख न भाना (बिल्कुल अच्छा न लगना) राजेश का खाली बैठना उसके पिताजी को एक आँख नहीं भाता।

7 एड़ी चोटी का जोर लगाना - (किसी कार्य को करने के लिए कठिन परिश्रम करना) मोहन को अपनी कक्षा में प्रथम आना था, इसलिए उसने अपनी एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।

8-सिर धुनना (पछताना) – छात्र अपना खराब परीक्षाफल देखकर अपना सिर धुनने लगा।

9- हाथ साफ़ करना (चुरा लेना) – चोर रोहित के घर से हाथ साफ़ करके चला गया।

10 -हाथ मलना (पछताना) – समय रहते परिश्रम कर लो, नहीं तो बाद में हाथ मलना पड़ेगा।

गृहकार्य

प्रश्न 1- दीवाली के अवसर पर दुकान में लगी सेल की जानकारी लोगों तक पहुँचाने हेतु एक विज्ञापन बनाएँ।

प्रश्न 2- दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को 30-40 शब्दों में लिखिए ।



धन्यवाद



घर में रहें सुरक्षित रहें ।